Roll No. ......................

# DPHCN–06

## Public Health

(जन स्वास्थ्य)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN–10/16)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सार्वजनिक स्वास्थ्य को परिभाषित कीजिए तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक प्रयासों की व्याख्या कीजिए।
2. पोलियो के कारण, जोखिम, लक्षण तथा उन्मूलन की विस्तृत जानकारी दीजिए।

3. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को परिभाषित कीजिए। खाद्य प्रसंस्करण व संरक्षण तथा खाद्य पदार्थों के समान वितरण द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है ?

4. सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए पोषण सम्बन्धी सांस्कृतिक कारकों पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सार्वजनिक संवर्धन की सशक्तीकरण रणनीतियों पर संक्षेप में लिखिए।

2. सार्वजनिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालिए।

3. एड्स पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. कुष्ठ रोग के लक्षण बताइये।

5. सामुदायिक स्वास्थ्य को शराब व नशा किस प्रकार प्रभावित करता है ?

6. बागवानी उत्पादन खाद्य एवं पोषण सुरक्षा प्राप्त करने में किस प्रकार सहायक है ?

7. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु प्राकृतिक आपदाओं में भोजन प्रबन्धन पर प्रकाश डालिए।

8. अस्वच्छता तथा अज्ञानता से सामुदायिक स्वास्थ्य किस प्रकार प्रभावित होता है ?

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिये :

1. यह एक विषाणु जनित रोग है :
   (अ) मोटापा
   (ब) फ्लोरोसिस
   (स) पोलियो
   (द) मधुमेह

2. यह रोग 2-3 वर्ष के बच्चों में देखने को मिलता है :
   (अ) क्वाशिओरकर
   (ब) तपेदिक
   (स) हृदय रोग
   (द) एड्स

3. इस योजना के तहत निर्धन विकलांग, बूढ़े व्यक्तियों को कम दामों पर खाद्य उपलब्ध करवाया जाता है :
   (अ) खाद्य शिक्षण कार्यक्रम
   (ब) टीकाकरण कार्यक्रम
   (स) प्रजनन स्वास्थ्य कार्यक्रम
   (द) अन्नपूर्णा योजना

4. माता-पिता द्वारा गुणों के हस्तान्तरण को .................... कहते हैं।

   (अ) संक्रमण

   (ब) आनुवंशिकता

   (स) बीमारी

   (द) व्यक्तित्व

5. यह सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली सामाजिक कुरीति है :

   (अ) बाल विवाह

   (ब) पोषण शिक्षा

   (स) बागवानी

   (द) गर्भावस्था

सत्य/असत्य लिखिये :

6. सार्वजनिक स्वास्थ्य रोगों की रोकथाम हेतु समुचित उपाय करता है।

7. घरेलू उत्पादन द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा प्राप्त नहीं की जा सकती।

8. व्यक्ति की मानसिक स्थिति उसके पोषण को प्रभावित कर सकती है।

9. स्थानीय रोग व विसंगतियों का सामुदायिक स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

10. भारत सरकार द्वारा 1997 में गैर-आयोडीनीकृत नमक की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।